कार्यक्रम का नाम : **स्वच्छता एवं स्वास्थ्य**

दिनांक : **22.10.2021**

टॉपिक : **हृदय सम्बन्धी रोग**

विशेषज्ञ : **डॉ. रामनारायण यादव, हृदय रोग विशेषज्ञ,**

एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज, जयपुर

डॉ. रामनारायण यादव ने सी.पी.आर., बी.पी, मधुमेह रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

- **हृदयघात (हार्ट अटैक) :—**

  हृदयघात को Myocardial Infarction के नाम से जाना जाता है। हृदयघात एक ऐसी स्थिति है जिसमें हृदय की मांसपेशियों को रक्त की आपूर्ति करने वाली धमनी पूरी तरह से अवरूद्ध होने के कारण अचानक आपूर्ति बन्द कर देती है, जिससे हृदय की मांसपेशियों की कोशिकाए भर जाती है।

  धमनी में रूकावट अक्सर ब्लॉक के जमा होने के कारण होती है जिसके कारण कोरोनरी हृदय बीमारी होती है।

- **लक्षण :—**

  हार्ट अटैक के सामान्य लक्षणों में शरीर के ऊपरी हिस्से में दर्द—सीने में दर्द बैचेनी या दबाव जो बाहों तक हो (विशेषकर बाई भुजा) जबड़े, गले तथा कन्धे में दर्द तथा दबाव होना प्रमुख है।